संचिका सं०–17/पेन–33/2026 – 1455(17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

रेणु कुमारी
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक – 03.11.26

विषय :– **डॉ० किशोर कुमार सिन्हा, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गयाजी के दिनांक–31.05.2026 को सेवानिवृत होने के फलस्वरूप अनुमान्य पेंशन/उपादान की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि डॉ० किशोर कुमार सिन्हा, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गयाजी के सेवानिवृति की तिथि–31.05.2026 है। अतः दिनांक–01.06.2026 के प्रभाव से अनुमान्य पेंशन/उपादान की स्वीकृति प्रदान की जाती है। **डॉ० सिन्हा** पर किसी भी प्रकार का विभागीय बकाया नहीं है।

2 यह आदेश इस शर्त के साथ दिया जा रहा है कि यदि **डॉ० सिन्हा** को अनुमान्य राशि से अधिक अथवा कम का भुगतान हुआ हो तो तद्नुसार उसकी वसूली/प्रतिपूर्ति की जायेगी।

3 इस पत्र के साथ संलग्न अनुलग्नक –

(i) पेंशन प्रपत्र – दो प्रतियों में निम्नांकित कागजातों के साथ संलग्न है –
(क) पारिवारिक सदस्यों की सूची
(ख) अभिप्रमाणित फोटो
(ग) हस्ताक्षर का नमूना
(घ) पेंशन/उपादान की गणना तालिका

(ii) वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रदत्त कम्प्युटर, विवाह एवं विविध अग्रिम भूमि क्रय/गृह निर्माण अग्रिम एवं मोटर वाहन/मोटर साईकल/मोटर वाहन मरम्मति अग्रिम संबंधी मांग रहित प्रमाण–पत्र,

(iii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, गयाजी द्वारा प्रदत्त आवासीय मांग रहित प्रमाण–पत्र

(iv) सेवा इतिहास,

(v) प्राचार्य कार्यालय द्वारा निर्गत बकाया रहित प्रमाण–पत्र

कृपया **डॉ० सिन्हा** का पेंशन/उपादान का प्राधिकार पत्र जाँचोपरान्त निर्गत करने की कृपा की जाय।

इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह०/–
(रेणु कुमारी)
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

D/JY/Pension letter

ज्ञापांक :–17 / पेन–33 / 2026 – 1455(17) /स्वा०, पटना, दिनांक– 03.11.26

प्रतिलिपि :– कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, गयाजी / प्राचार्य, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गयाजी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– डॉ० किशोर कुमार सिन्हा, सेवानिवृत प्राध्यापक, सर्जरी विभाग, अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय, गयाजी, पत्राचार का पता–रंग बहादुर रोड, चन्द्र शेखर जनता कॉलेज के सामने, डाकघर–जी०पी०ओ०, थाना–कोतवाली, जिला–गयाजी, पिन कोड–823001 को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आई० टी० मैनेजर / प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–संयुक्त सचिव।

D/JY/Pension letter